Title : Need to check the misuse of Red Cross symbol in advertisements and publicity campaigns in the country.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** मान्यवर, रेड्क्रास सोसाइटी एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है और भारतीय रेड्क्रास सोसाइटी उसी का भारतीय स्वरूप है, लेकिन पिछले कुछ समय से उसके प्रतीक चिन्ह का नियमानुसार प्रयोग नहीं हो रहा है और उसका व्यापक दुरूपयोग किया जा रहा है। पिछले दिनों जब गुजरात में भूकम्प की त्रासदी आई थी, उस समय बहुत-से ऐसे लोग थे जो अपनी गाड़ियों पर सहायता सामग्री लेकर प्रभावित क्षेत्रों में गए, उनकी गाड़ियों पर रेड्क्रास सोसाइटी ऑफ इण्डिया के प्रतीक चिन्ह लगे हुए थे। इसकी वजह से सहायता और सेवा कार्यों में भारी असुविधा और दुविधा का सामना करना पड़ा। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण और कष्टप्रद स्थिति उत्पन्न होने से रोकने के लिए भारतीय रेड्क्रास सोसाइटी यह चाहती है कि उसके प्रतीक चिन्ह का प्रयोग केवल सेना की चिकित्सा कोर और भारतीय रेड्क्रास सोसाइटी की ही गाड़ियों पर किया जाए। इसलिए मैं मांग करता हूँ कि भारतीय रेड्क्रास या अन्तर्राष्ट्रीय रेड्क्रास सोसाइटी के चिन्हों के प्रयोग पर रोक लगे।

जेनेवा कन्वेंशन में प्रतीक चिन्ह के दुरूपयोग के लिए 500 रूपए तक जुर्माना किए जाने का प्रावधान है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूँ कि एक तो इसके प्रतीक चिन्ह का दुरूपयोग रोका जाए अगर फिर भी कोई इसका पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।